Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 23-11-2006

Participants : Azmi Shri Iliyas

>

Title: Need to streamline the functioning of Passport Offices in the Country with a view to solve the problems being faced by the applicants.

श्री इलियास आज़मी (शाहाबाद): महोदय, मैं सरकार का ध्यान पासपोर्ट प्राप्त करने में जनता की कठिनाइयों की ओर दिलाना चाहता हूं।

मुख्यतः आम जनता की कठिनाइयाँ पासपोर्ट प्राप्त करने से पूर्व पूरी की जाने वाली औपचारिकताओं से है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह पासपोर्ट प्राप्त करने की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुगम बनाए, जिससे कि आवेदकों को किसी प्रकार की अना वश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

पासपोर्ट आवेदक की जांच के लिए जो सम्बन्धित विभाग जांच करते हैं तथा जिनकी टिप्पणी से आवेदक को पासपोर्ट प्र ाप्त नहीं हो पाता हे, यदि बाद में वो टिप्पणी गलत पाई जाती है तो दोाी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जानी चाहिए जिससे कि विभाग के अन्य कर्मचारी गलत टिप्पणी न करें।

लाखों पासपोर्ट धारक ऐसे हैं, जिन्हें जायज पासपोर्ट मिले हुए हैं परन्तु उनके पासपोर्ट पर ऐसी टिप्पणी कम्प्यूटर में डाल दी गयी है कि वह जब जायज वीजा लेकर हवाई या सड़क मार्ग से बाहर जाना चाहते हैं तो हवाई अड्डे ओर सीमा पर से ही उन्हें इमीग्रेशन अधिकारियों द्वारा वापस कर दिया जाता है।

अतः मेरी सरकार से मांग है कि इस संबंध में उचित जांच कराई जाए और जो पासपोर्ट अभी तक जारी किए जा चुके हैं उन्हें वैध घोाित किया जाए।